हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 12 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 36.9 डिग्री
न्यूनतम 25.4 डिग्री

11 कई क्षेत्रों में दूषित पेयजल सप्लाई से हाहाकार ...



12 किसानों ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन ...



## शहर में आज

जिला प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में सुबह 9 बजे सुभाष चौक से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसे उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

## खबर संक्षेप

### बीपीएड की रिक्त सीटों पर 13 तक आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के शारीरिक शिक्षा विभाग में सत्र 25-26 में बीपीएड पाठ्यक्रम की रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए अभ्यर्थी 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी ने बताया कि बीपीएड की रिक्त 20 सीटों पर एडमिशन के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### मदवि: सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने मई 2025 में आयोजित एमबीए के चौथे सेमेस्टर की फ्रेश व री-अपीयर, एमए लोक प्रशासन पंचवर्षीय के चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर तथा एमए इकोनॉमिक्स पंचवर्षीय के चौथे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमए एजुकेशन दूसरे व तीसरे सेमेस्टर री-अपीयर,एमएससी के दूसरे व तीसरे सेमेस्टर की री-अपीयर, एमएससी मैथ ऑनर्स पंचवर्षीय के दसवें सेमेस्टर की रेगुलर व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### रिसर्च एसोसिएट पद के लिए 25 तक करें आवेदन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग में रिसर्च एसोसिएट के एक पद पर फेलोशिप के लिए 25 अगस्त तक आवेदन किया जा सकता है। केमिस्ट्री विभाग के अध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रो. विनोद बाला तक्षक को स्वीकृत सीएसआईआर रिसर्च स्कीम-सिंथेसिस एंड स्ट्रक्चरल एनालिसिस ऑफ एनर्जी एफिशियंट ल्यूमिनेसेंट नैनोमेटेरियल्स फॉर मल्टीफंक्शनल एप्लीकेशंस के लिए रिसर्च एसोसिएट के एक पद पर फेलोशिप प्राप्त करने के पात्र अभ्यर्थी 25 अगस्त तक सीवी भेज सकते हैं और 28 को सारे दस्तावेजों के साथ विभाग में रिपोर्ट कर सकते हैं।

## नगर निगम आयुक्त ने वार्ड 9 और 16 का किया निरीक्षण, सफाई और जल निकासी सुधारने के निर्देश

# वार्ड 9 में लगेंगी जल निकासी के लिए अतिरिक्त मोटरें, नाले का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने सोमवार को वार्ड-9 के पार्षद बिजेंद्र हुड्डा और वार्ड नंबर 16 की पार्षद मुक्ता नागपाल के साथ दोनों वार्डों में निरीक्षण कर वार्डवासियों की समस्याएं सुनीं।

वार्ड 09 के निरीक्षण के दौरान जसबीर कॉलोनी में पार्क विकास, नाले की सफाई, सीवर और पेयजल समस्या, खाली प्लॉटों में गंदगी, बस स्टैंड से राजीव गांधी स्टेडियम रोड तक सफाई, लाढ़ौत रोड पर पेयजल संकट और उत्तम नगर में गलियां बनवाने की मांग सामने आई। आयुक्त ने मौके पर अधिकारियों को सफाई व्यवस्था मजबूत करने, नाले की सफाई शीघ्र पूर्ण करने और बरसाती जल निकासी के लिए अतिरिक्त मोटर लगाने के निर्देश दिए। पेयजल और सीवर ओवरफ्लो की समस्याओं के समाधान हेतु जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को विशेष निर्देश दिए गए। वार्ड 16 के निरीक्षण में डीएलएफ की गलियों के टूटे होने और सीवर ओवरफ्लो की शिकायत मिली। आयुक्त ने अधिकारियों को गलियों की मरम्मत और आवश्यकता पड़ने पर नई गली निर्माण का अनुमान तैयार करने, साथ ही सीवर सफाई कार्य तुरंत शुरू करने के आदेश दिए। इसके बाद पुरानी आईटीआई ग्राउंड में वार्डवासियों ने सफाई व्यवस्था, रेहड़ी-फड़ी वालों द्वारा फैलाई जा रही गंदगी और कूड़ा फेंकने की समस्या बताई। आयुक्त ने गंदगी फैलाने वालों के चालान करने, 'गंदगी न डालें' के बोर्ड लगाने, कूड़े को निर्धारित स्थान पर डालने और 15 अगस्त के बाद विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। सफाई के बाद वहां पौधारोपण भी कराया जाएगा।



रोहतक। वार्ड 16 की पार्षद मुक्ता नागपाल के साथ निरीक्षण कर वार्डवासियों की समस्याएं सुनते निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार ।



रोहतक। वार्ड-9 के पार्षद बिजेंद्र हुड्डा के साथ वार्डों का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा।

### ऐप पर लंबित 400 से अधिक शिकायतों की भी समीक्षा हुई

निरीक्षण के दौरान स्वच्छता ऐप पर लंबित 400 से अधिक शिकायतों की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने पाया कि सफाई न होने की शिकायतों का समय पर निपटान नहीं हो रहा। इस पर मुख्य सफाई निरीक्षक, सफाई निरीक्षक, सभी सहायक सफाई निरीक्षकों और सफाई दरोगाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और भविष्य में शिकायतों का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए। निरीक्षण में कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार धनखड़, सहायक अभियंता शांत सुहाग, वीरेन्द्र हुड्डा, भवन निरीक्षक रवि कुमार, कनिष्ठ अभियंता सूर्य धनखड़, विशाल खेड़ा, रमन मलिक तथा जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ विनीत रोहिल्ला समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सोमवार सुबह 11 बजे से धरने पर बैठे ग्रामीण, नहीं हो रहा समाधान

# चांदी टोल विवाद : 10 किमी दायरे के गांवों में उबाल, टोल फ्री की मांग पर गरमाया माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जींद रोहतक मार्ग स्थित चांदी गांव टोल इन दिनों फिर सुर्खियों में है। गांव के पास शुरू किए गए टोल प्लाजा को लेकर ग्रामीणों में बढ़ता असंतोष। सोमवार को एक बार फिर इस विवाद ने जोर पकड़ लिया, जब आसपास के लगभग 10 गांवों के लोग सुबह से ही टोल पर जुट गए और धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुसार, टोल प्लाजा से 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के निवासियों को टोल टैक्स से छूट मिलनी चाहिए। लेकिन चांदी गांव के टोल प्लाजा पर यह नियम लागू नहीं किया जा रहा। परिणामस्वरूप, रोजाना आवागमन करने वाले ग्रामीणों को भी टोल शुल्क चुकाना पड़ रहा है। इससे उनकी आर्थिक और सामाजिक दोनों ही तरह से परेशानी बढ़ रही है। सोमवार सुबह करीब 11 बजे, चांदी, गुगाहेड़ी, भैणी, माजरा, बहुअकबरपुर समेत आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटरसाइकिलों पर सवार होकर टोल प्लाजा पहुंचे। यहां नारेबाजी के बीच धरना शुरू हुआ। महिलाएं, बुजुर्ग और युवा सभी अपनी-अपनी मांगों को लेकर एकजुट दिखे। पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत करने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण टस से मस नहीं हुए। इसके बाद शाम को पांच बजे ग्रामीण टोल प्लाजा से उठकर चले गए। ग्रामीणों ने बताया कि जिला प्रशासन ने दो दिन में समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया है।

टोल कब्जाए ग्रामीण





### गांव की आवाज सरपंचों का नेतृत्व

चांदी गांव की सरपंच संतोष देवी ने कहा, हम पहले भी इस मुद्दे पर धरना दे चुके हैं, लेकिन टोल कंपनी अपनी जिद पर अड़ी है। गांव में आने-जाने वाले लोगों से भी टोल वसूला जा रहा है, जबकि उन्हें छूट मिलनी चाहिए। यह सरासर अन्याय है। वहीं गुगाहेड़ी के सरपंच जितेंद्र का कहना था, टोल कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक चल रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। हम तब तक आंदोलन जारी रखेंगे जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती।

### धरना सिर्फ आर्थिक मुद्दा नहीं आत्मसम्मान का सवाल भी

कई ग्रामीणों ने कहा कि यह आंदोलन केवल पैसों की बात नहीं, बल्कि उनके अधिकार और आत्मसम्मान से जुड़ा है। उनका मानना है कि यदि सरकारी नियम के तहत उन्हें छूट मिलनी चाहिए तो टोल कंपनी को उसे लागू करना ही होगा। धरने में मौजूद किसानों और पंचायत प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि टोल कंपनी और प्रशासन ने उनकी मांग नहीं मानी तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। एक बुजुर्ग किसान ने कहा, हम टोल फ्री करवाकर ही दम लेंगे। यह लड़ाई लम्बी हो सकती है, पीछे नहीं हटेंगे।

### ग्रामीण अब धरने पर नहीं, जा चुके हैं

ग्रामीण अब धरने पर नहीं है, वह टोल से जा चुके है। इससे दो दिन पहले भी ग्रामीण टोल पर धरने के लिए पहुंचे थे। डीसी धर्मेंद्र सिंह ने उनको दो दिन में समाधान का आश्वासन दिया है। लेकिन नियम के मुताबिक उन्हें मासिक पास बनवाना जरूरी है। हम नियम से अलग नहीं चल सकते है। ग्रामीणों से इस बारे में वार्तालाप तक हो चुकी है। पहले भी इसी मामले में बात हुई थी, लेकिन गाइडलाइन के तहत मासिक पास ही जरूरी होता है। **-लोकेंद्र सिंह, महाप्रबंधक, चांदी टोल प्लाजा**

# जयपुर के मानसिक रोगी ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सोनीपत रोड स्थित निजी स्कूल के पास सोमवार को एक व्यक्ति ने पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। सुबह पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति ने स्कूल के पास सोनीपत रोड पर फंदा लगाया हुआ है। पुलिस और एफएसएल एक्सपर्ट डॉ सरोज दहिया मौके पर पहुंचे और छानबीन की। शव को नीचे उतारा गया। जिसकी पहचान जयपुर के ग्रामीण एरिया निवासी रमेश चंद्र के तौर पर हुई। वह किसी होटल पर काम करता था और इसके बाद अवकाश लेकर अपने घर त्योहार पर जा रहा था। मानसिक तौर पर परेशान होने के चलते वह किसी तरह रास्ता भटककर यहां पहुंच गया और पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। आईएमटी थाना पुलिस ने बताया कि परिजनों को सूचना देकर बुला लिया गया है। व्यक्ति मानसिक रूप से परेशान था और उसका उपचार चल रहा था।



रोहतक। जांच करती एफएसएल एक्सपर्ट डॉ सरोज दहिया व पुलिस।

## राजीव गांधी विद्युत भवन में आज बिजली उपभोक्ताओं की सुनी जाएंगी शिकायतें

**रोहतक।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता एवं रोहतक सर्कल की उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के चेयरमैन बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि निगम द्वारा बिजली उपभोक्ताओं की बिजली से संबंधित शिकायतों के तुरंत निपटारे के लिए 12 अगस्त को सुबह 11 से एक बजे तक स्थानीय राजीव गांधी विद्युत भवन में बैठक आयोजित होगी। इसी दौरान रोहतक सर्कल की ओर से बिजली अदालत का आयोजन भी किया जाएगा। बिजेंद्र नरवाल ने बताया कि शिकायत निवारण फोरम की बैठक में 50 हजार रुपए से एक लाख रुपए तक के बिजली बिल विवाद या बिजली से संबंधित अन्य शिकायत उपभोक्ता इस बैठक में रख सकते है। हालांकि इस बैठक में बिजली चोरी से संबंधित शिकायतों की सुनवाई नहीं की जाएगी। बिजली उपभोक्ता अपनी शिकायतों के तुरंत समाधान के लिए 12 अगस्त को सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक राजीव गांधी विद्युत भवन में बिजली अदालत व शिकायत निवारण फोरम की बैठक में रख सकते है।

# डूबते व्यक्ति को जान जोखिम में डाल बचाने का किया प्रयास



**रोहतक।** जवाहरलाल नेहरू कैनाल में डूब रहे व्यक्ति को युवकों ने बचने का हर संभव प्रयास किया। लेकिन आखिर व्यक्ति अपनी जिंदगी की जंग हार गया। फिलहाल व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस इस मामले में कार्रवाई करने में जुटी हुई है। जवाहरलाल नेहरू कैनल में एक व्यक्ति डूब रहा था। जिसे डायल 112 पीसीआर ने देखा और उन्होंने जवाहरलाल नेहरू कैनाल पर मौजूद 4 युवकों से मदद मांगी, युवक कैनाल की पटरी पर व्यक्ति को बचाने के लिए दौड़ पड़े, युवकों ने डूब रहे व्यक्ति को बाहर भी निकाल लिया और उसकी जान बचाने के लिए हर संभव प्रयास किया। जब व्यक्ति बाहर निकाला तो उसकी सांस चल रही थी, लेकिन व ज्यादा देर तक मौत से नही लड़ पाया और जिंदगी की जंग हार गया। लेकिन इन चारों युवकों को सलाम है, जो अपनी जान की परवाह ना करते हुए जेएलएन में उतर गए। जेएलएन में उतरना ही अपनी जान का जोखिम है। युवकों ने बताया कि डायल 112 को किसी ने व्यक्ति के डूबने की सूचना दी थी। इस दौरान वह भी मोटरसाइकिल लेकर वहां पर मौजूद थे। गाड़ी पटरी पर जाने की जगह न होने के चलते हुए, बाइक लेकर डूबते व्यक्ति को बचाने के लिए वे भागे और इंसानियत के नाते उसे बचाने का प्रयास भी बहुत किया। लेकिन उन्हें दुख है कि वह उसकी जान नहीं बचा पाए। पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## निगम में संपत्तिकर कार्य की समीक्षा बैठक

# 5 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पत्तिकर व प्रॉपर्टी आईडी कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्पत्तिकर बकाया भुगतान एवं अदेय प्रमाण पत्र पोर्टल पर चल रहे कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई तथा आमजन से प्राप्त आवेदनों का स्वयं अवलोकन किया गया। कार्य में लापरवाही बरतने पर 5 कर्मचारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए।

आयुक्त डॉ. शर्मा ने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पहले ही निर्देश दिए गए थे कि आमजन से प्राप्त आवेदनों को बिना किसी ठोस कारण के न तो लंबित रखा जाए और न ही वापिस व रिवर्ट किया जाए। इस कार्य की निरंतर निगरानी और जांच की जाएगी, तथा बिना कारण आवेदन वापिस करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ कर्मचारियों द्वारा अधिक संख्या में आवेदन वापिस किए गए, रद्द किए गए या लंबे समय से लंबित रखे गए हैं।

बैठक लेते नगर निगम आयुक्त



## वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में महासभा की आय में 2022-23 की तुलना में लगभग 3 गुणा की बढ़ोतरी हुई

# जाट महासभा में फिर से घमासान, विरोधी गुट ने पद से हटाए जयबीर प्रधान, 9 दिन पहले नॉमित सदस्य किए थे बर्खास्त

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

जाट महासभा में फिर से एक व्यक्ति ने राजनीतिक घमासान शुरू करवा दिया है। इस व्यक्ति को कुछ साल पहले एक प्रधान ने तो पद से बर्खास्त कर दिया था। बीते 2 अगस्त को भी इसी व्यक्ति और इसकी मंडली के दूसरे नामित सदस्यों को सभा ने पूरे कोरम से कार्यकारिणी से बाहर कर दिया था। इसके बाद कार्यकारिणी से बाहर किए चार-पांच सदस्यों ने सोमवार को मीटिंग की और मीडिया को मेल भेज दी कि महासभा के प्रधान जयबीर ढुल को पद से हटा दिया गया है। इसके जवाब में ढुल कहते हैं कि इन लोगों के पास मुझे पद से हटाने का अधिकार ही नहीं है। ऐसे में ये मीडिया को कुछ भी भेजते रहे, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। इनका कहना है कि सभा में अगर एक भी पैसा हर रोज खर्च किया जाता है तो उसकी तुरंत जानकारी वाटसअप ग्रुप के सभा के लोगों को दी जाती है। मेल में जहां पर मीटिंग होना बताया गया है, वहां पर बैठक की पुष्टि जाटसभा ने नहीं की है।




### 7 हजार रुपये अभी बकाया

किसी भी पंजीकृत सामाजिक संस्था के प्रधान को पद से कौन हटा सकता है। इसके लिए बकायदा हरियाणा सोसायटी एक्ट में प्रावधान हैं। बावजूद इसके प्रधानो और दूसरे पदाधिकारी एक दूसरे को पद से हटा देते हैं। इसके बाद मामला जिला सोसायटी रजिस्ट्रार तक पहुंचता है। अगर यहां भी समाधान नहीं होता है तो फिर स्टेट सोसायटी रजिस्ट्रार मामले की सुनवाई करता है। अब हम आते हैं हालिया एपिसोड पर महासभा में जो तकरार बीते दस दिन हो रही है, उसके पीछे एक ही व्यक्ति हाथ बताया जा रहा है। इस व्यक्ति पर उनके पद रहते हुए सभा के पैसे में गड़बड़ी करने के आरोप लगे थे। एक जांच कमेटी बनी और व्यक्ति पर 24-25 हजार रुपये की रिकवरी डाल दी। यह रिकवरी उन्होंने पूरी नहीं दी। बताया जा रहा है कि 7 हजार रुपये आज भी उनकी ओर बकाया हैं।

### आय 3 गुणा बढ़ी

जाट महासभा के खाते बताते हैं कि साल 2022-23 में प्रति महीने की कमाई 2.25लाख,2023-24 में 3.25, 2024-25 में 4.84 और 2025-26 की पहली तिमाही में एवरेज आय 6.12 लाख रही है। बावजूद इसके वर्तमान पदाधिकारियों पर आरोप लगाए जा रहे हैं। आपको याद दिला दें कि इस कमाई में से कुछ साल पहले ही एक मैनेजर 10-12 लाख रुपये अपने व्यक्तिगत खाते में जमा करा गया था। सभा की कमाई का जरिया महासभा भवन के कमरों को रात को रुकने के लिए किराए पर दिया जाता है। इसके अलावा हॉल भी कार्यक्रमों के लिए सभा बुकिंग करती है। ध्यान रहे कि इस बुकिंग का पैसा ही तत्कालीन मैनेजर अपने निजी खाते में जमा करवा गया था। मामले की जांच हुई तो उन्होंने पैसा वापस किया। सभा का पैसा कई महीने तक मैनेजर अपने खाते में जमा करवाता रहे और इसकी जानकारी सभा को न मिले, ऐसा संभव नहीं हो सकता है। बताया जा रहा है कि मैनेजर को एक पदाधिकारी ने ही ऐसा करने की शय दी थी।

### ये मेल का मजमून

मीडिया को भेजी गई मेल में बताया गया है कि सोमवार को जाट भवन की लाइब्रेरी में जाट सभा के महासचिव ने एक आपात बैठक बुलाई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारिणी के सदस्य ईश्वर सिंह दलाल ने की। बैठक में कृष्णलाल महासचिव, कार्यकारिणी के सदस्य नरेन्द्र सहारण, रणधीर सिवाच, सुभाष कादयान, ईश्वर सिंह, सतीश कुंडू, बलराज सिंह, रणजीत सिंह, अजीत नांदल की मौजूदगी में जाट महासभा भवन को बचाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसके तहत प्रधान जयबीर ढुल को तुरन्त प्रभाव से पद से हटा दिया गया। पिछले दस महीने में प्रधान ढुल की गलत कार्यप्रणाली को देखते हुए ये निर्णय किया गया है, ऐसा मेल में बताया गया है। आरोप लगाए हैं कि भवन की निगरानी कमेटी को भंग कना, महासचिव का नियमों को ताक पर रखकर सहसचिव को चार्ज देना, महासचिव की जगह सहसचिव का बैंक में लेन-देन करने के लिए हस्ताक्षर भेजना, जाट भवन की करोड़ों रूपये की एफडी को प्राइवेट बैंक में कमीशन के चक्कर में बदलवाने की कोशिश करना। प्राइवेट बैंक में खाता खुलवाना, कैश बुक पैंसिल से लिखना, तीन पदाधिकारी मिलकर एक फर्जी प्रबंधक कमेटी बनाकर अवैध रूप से सारा खर्चा पास करके खर्च कर रहे हैं, ऐसे आरोप मीटिंग में लगाए हैं। कहा गया है कि कार्यकारिणी की मीटिंग बुलाए छः महीने हो गये है। जबकि कार्यकारिणी मीटिंग बायलॉज के हिसाब से हर महीने होनी चाहिए। इन सब कारगुजारियों को देखते हुए प्रतिष्ठित जगह को इस तरह के लोगों से बचाने के लिए प्रधान जयबीर ढुल को हटाया गया है। ये जानकारी मेल में दी गई है।

### मुझे पद का कोई लोभ-लालच नहीं



मुझे पद का कोई लोभ-लालच नहीं है। समाज कहे तो मैं खुद ही पद से त्यागपत्र दे दूंगा। लेकिन वे व्यक्ति और उसका गुट मुझे पद से कैसे हटा सकते हैं, जिन पर महासभा में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। जांच हुई, रिकवरी डाली गई। पूरी रिकवरी का पैसा आज तक उन्होंने जमा नहीं करवाया। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में सभा की आय वर्ष 2022-23 की तुलना में तीन गुणा बढ़ चुकी है। उस समय भी आय लगभग इतनी होती थी। लेकिन इंकम एक तत्कालीन पदाधिकारी की जेब में जाती थी। मैनेजर ने सभा के 10-12 लाख रुपये उस समय अपने निजी खाते में ऐसे ही जमा नहीं करवाए थे। उपरोक्त तथ्यों से समाज खुद ही अंदाजा लगा ले कि भ्रष्टचार किसने किया।- **जयबीर ढुल, प्रधान**, जाट महासभा रोहतक

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठकों के लिए आवश्यक सूचना
"पाठक इनामी योजना 2025" के सभी कूपन अखबार में प्रकाशित हो चुके हैं। इसके प्रपत्र जमा करने प्रारम्भ कर दिये गये हैं। आप अपने प्रपत्र को साधारण डाक द्वारा हरिभूमि के मुख्यालय में भेज सकते हैं। क्षेत्र में स्थित हरिभूमि कार्यालय या अपने नजदीकी समाचार पत्र एजेन्ट के पास भी प्रपत्र पूरा भरकर जमा करवा सकते हैं। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 रखी गई है। किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें :-
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005

हरिभूमि सहेली



स्वाधीनता दिवस विशेष

यह सही है कि वर्षों गुलामी की जंजीरों की जकड़न से मुक्ति मिलने पर तत्कालीन देश-समाज में महिलाओं की स्थिति अच्छी नहीं थी। लेकिन तमाम विडंबनाओं, चुनौतियों और संघर्षों को पार कर आधी आबादी ने ना केवल खुद को मजबूती से प्रतिष्ठित किया, सशक्त राष्ट्र निर्माण में भी महती भूमिका निभाई, अब भी निरंतर निभा रही है।

# आधी आबादी की सहभागिता से सशक्त हो रहा देश-समाज

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

वास्तव में स्वतंत्र होने के सही मायने, जीवन के हर पहलू पर सशक्त भागीदारी निभाने से जुड़े हैं। इस मोर्चे पर देखें तो भारतीय महिलाओं ने आजादी मिलने के बाद बेहतरीन सफर तय किया है। हमारे देश की स्त्रियां आज परिवार से लेकर देश की सीमाओं तक, हर फ्रंट पर डटी हैं। 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे आजाद भारत में विकास और बदलाव की संघर्षपूर्ण यात्रा में स्त्रियों की भूमिका रेखांकित करने योग्य रही है।

## पारिवारिक जुड़ाव की महत्वपूर्ण कड़ी

फैमिली सिस्टम किसी देश की आत्मा होता है। परिवार में ही बड़ी पीढ़ी के अनुभव, नई पीढ़ी के जीवन को दिशा देते हैं। नई पीढ़ी के रूप में देश का भविष्य भी घर-आंगन में ही गढ़ा जाता है। स्वतंत्रता के बाद से ही देश के सामाजिक-पारिवारिक माहौल में भी महिलाएं अहम रोल निभाती आई हैं। गृहिणी के रूप में रिश्तों को संभालने की बात हो या काम-काजी महिला के रूप में वर्कफोर्स का हिस्सा बनने की, महिलाओं ने हर तरह से घर-परिवार की बगिया को सींचा है। असल में स्त्रियां ही हमारे फैमिली सिस्टम की लाइफलाइन रही हैं। वास्तव में पारिवारिक रिश्तों का मैनेजमेंट ही समाज को भी स्थिरता देता है। अपनों का यह जुड़ाव अपने राष्ट्र से भी जुड़ने का भाव जगाता है। सुखद यह भी है कि परंपरागत जिम्मेदारियों के निभाने के साथ ही घर-परिवार में स्त्रियां अब लीडरशिप रोल में भी आ गई हैं। स्वतंत्रता के बाद शिक्षित-सजग महिलाओं के आंकड़ों में हुए इजाफे से सोशल, फाइनेंसियल और पर्सनल हर फ्रंट पर फैसले लेने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। घरेलू और सामाजिक जीवन में महिलाएं अब स्वतंत्र व्यक्तित्व और विचारों की धनी बन रही हैं। इसके चलते सशक्त समाज के निर्माण में आधी आबादी ने पूरी जिम्मेदारी से अपना मोर्चा संभाल रखा है।

## उद्यमिता की दुनिया में दखल

स्वतंत्र भारत की तरक्की में वुमेन वर्कफोर्स का प्रभावी रोल रहा है। स्किल डेवेलपमेंट से लेकर हायर डिग्रियां हासिल करने तक, स्त्रियां किसी भी मामले में पीछे नहीं रहीं। आगे बढ़ने के सतत प्रयास की वजह से देश की उन्नति में भी वे भागीदार बनी हैं।



एआई इमेज

स्त्रियों को इसी जज्बे से क्रिएटिव सोच, साइंस, रिसर्च और आर्म्ड फोर्सेस तक, अपनी जगह बनाने का मनोबल मिला है। गांवों-कस्बों में महिलाएं ड्रोन उड़ा रही हैं। एंटरप्रेन्योरशिप की दुनिया में भारतीय महिलाओं का दखल चकित करता है। आज अपना बिजनेस शुरू करने, मैनेज करने और आगे बढ़ाने में स्त्रियां कमाल कर रही हैं। नए प्रोडक्ट्स, सर्विसेस और आइडियाज लेकर एंटरप्रेन्योर बनी महिलाएं आज सफल चेहरों में शुमार हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों और ई-कॉमर्स के जरिए व्यवसाय जमाने वाली महिलाएं तो नई पीढ़ी को प्रेरणा दे ही रही हैं। ट्रैक्सन के एक अध्ययन के मुताबिक भारतीय तकनीकी उद्योग में स्टार्टअप्स में वुमन एंटरप्रेन्योर्स की हिस्सेदारी 18 प्रतिशत से ज्यादा है। वहीं नेशनल सर्वे बताते हैं कि एमएसएमई इंडस्ट्रीज में महिलाओं की भागीदारी 20 फीसदी है। स्वतंत्र भारत के बेहतरी की ओर बढ़ते समाज में महिला उद्यमियों के प्रति सकारात्मक नजरिया और सपोर्ट भी देखने को मिल रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार देश में वुमेन वर्कफोर्स की भागीदारी बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। वर्कफोर्स में भागीदारी के साथ ही बहुत सी चुनौतियों के बावजूद महिलाएं, एंप्लॉयमेंट देने वाले सेटअप्स भी बना रही हैं। इस देश की नागरिक होने के नाते अपनी भूमिका को पॉजिटिव रूप से विस्तार दे रही हैं। इनोवेशन और स्पेशलाइजेशन के इस संसार में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाना असल में देश की बेहतरी से जुड़ना ही है।

## खुद की बेहतरी संग बदलाव

देश, समाज या व्यक्तिगत जीवन, आधी आबादी अपनी पूरी हिस्सेदारी दर्ज करवा रही है। स्वतंत्रता के संग्राम से लेकर समाज में सहज सी बातों-हालातों को बदलने तक, भारतीय महिलाएं उत्साह से जुटी हुई हैं। प्रोफेशनल मोर्चे पर आत्मविश्वास के साथ नए फील्ड्स को एक्सप्लोर कर रही हैं। पर्सनल फ्रंट पर भी खुद की संभाल, देखभाल के भाव को बल मिला है। पारंपरिक छवि में तीज-त्योहार मनाती महिलाएं हंसती-खिलखिलाती नजर आती हैं। वहीं विज्ञान-व्यवसाय और तकनीक के संसार में भी उनकी प्रभावी इमेज नजर आती है। देश-समाज और परिवार की धुरी बन आज की स्त्रियां एक ओर सब कुछ थामे हुए हैं तो दूसरी ओर खुद को संभालने का जज्बा भी कम नहीं है। इसी अवेयरनेस के चलते अपनी सशक्त और समर्थ छवि बनाने-निखारने की सोच पूरे समाज में सकारात्मक बदलाव ला रही है। बदलते परिवेश में बहू-बेटियों



को उनके सपने साकार करने में मदद मिल रही है। ऐसे सभी भाव अपने देश को आगे ले जाने से जुड़े हैं। स्त्रियों का खुदमुख्तार होने का यह जज्बा स्वाधीन भारत की नींव सुदृढ़ करने वाला है।

# इस बार नए अंदाज में मनाएं स्वतंत्रता दिवस

स्वाधीनता दिवस, हर भारतवासी के लिए गर्व और उल्लास भरा पर्व होता है। लेकिन इसे आप और भी खास, यादगार बना सकती हैं। इसके लिए आप अपने परिवार के सदस्यों और आस-पड़ोस के लोगों, बच्चों को शामिल कर सकती हैं।

सेलिब्रेशन

रजनी अरोड़ा



स्वतंत्रता दिवस, आजादी की जंग में शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने, उन्हें श्रद्धांजलि देने और स्वाधीन होने का उत्सव मनाने का दिन है। यह सिर्फ एक राष्ट्रीय अवकाश नहीं, बल्कि परिवार के संग देशभक्ति का भाव जगाने और नई पीढ़ी को भारत की आजादी के संघर्ष की जानकारी देने का सुअवसर भी है। ऐसे कई रचनात्मक तरीके हैं, जिनसे आप अपने परिवार के साथ स्वतंत्रता दिवस के उत्सव को यादगार और अर्थपूर्ण बना सकती हैं।

**करें ध्वजारोहण-गाएं राष्ट्रगान:** अगर आप किसी सरकारी या निजी संस्थान में काम करती हैं तो वहां ध्वजारोहण जरूर किया जाता होगा, उसमें तो आप शामिल होती ही हैं। लेकिन आप अगर हाउसवाइफ हैं तो अपने घर के आंगन या छत पर भी तिरंगा फहरा सकती हैं। इसके बाद बच्चों समेत सब परिजन मिलकर राष्ट्रगान 'जन गण मन' गाएं। तिरंगे को सलामी दें। बच्चों के संग मिलकर 'भारत माता की जय' के नारे लगाएं। यकीनन इससे सभी के मन में गर्व की अनुभूति होगी।



**सार्वजनिक कार्यक्रमों में लें भाग:** आमतौर पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर स्कूल-कॉलेज, कार्यालयों में कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्वतंत्रता दिवस के दिन रिहायशी इलाकों, सोसाइटी या मुहल्लों में भी कार्यक्रम का आयोजन होता है। इन कार्यक्रमों में परिवार समेत भाग लेकर आप स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर सकती हैं।

**तिरंगा थीम फैमिली फोटोशूट:** इस खास अवसर के लिए पूरे परिवार के लिए व्हाइट ड्रेस चुनें। उसके साथ केसरिया-हरा स्कार्फ, बैज या दुपट्टा भी जोड़ें। घर पर तिरंगे बैकग्राउंड वाला सेटअप बनाएं। बच्चों के हाथों में 'मैं भारत हूं' या 'वंदेमातरम' लिखे कार्ड पकड़ाएं। आप तिरंगा थाम सकती हैं। तिरंगा फहराने के बाद इसी थीम में ग्रुप फोटोज क्लिक करें। इसे सोशल मीडिया पर शेयर करें। ये पल आपके लिए यादगार बन जाएंगे। इस दिन स्वदेशी यानी मेड इन इंडिया उत्पादों का प्रयोग करने का संकल्प भी ले सकती हैं।

**देशभक्ति वाली फिल्में देखें:** स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के बाद आप अपने परिवार के साथ देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इस मौके पर आप 'शहीद', 'लगान', 'रंग दे बसंती', 'चक दे इंडिया', 'स्वदेस', 'मंगल पांडे', 'भगत सिंह', 'तिरंगा', 'बॉर्डर', 'क्रांति' या कोई अन्य पसंद वाली देशभक्तिपूर्ण फिल्म देख सकती हैं। इन फिल्मों को देखते हुए आप स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और उनके संघर्ष के बारे में भी बच्चों को बताएं। इससे उनके मन में देशभक्ति की भावना और सघन होगी।

**देशभक्ति संबंधी किताबें पढ़ें:** अगर आप पढ़ने की शौकीन हैं तो देशभक्ति संबंधी किताबें भी पढ़ सकती हैं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों की जीवन कथाएं या प्रेरक प्रसंग आसान और रोचक तरीके से सुनाएं।

**पौधे लगाएं:** घर के गार्डन में या आस-पास के पार्क में आप अपने परिवार के साथ आजादी के जश्न के नाम पर एक-एक पौधा जरूर लगाएं। परिवार के सभी सदस्य आगे उनका ख्याल भी रखें। इससे आपको स्वाधीनता दिवस समारोह की याद रहेगी और पौधे के जरिए आप देश के वातावरण को स्वच्छ बनाने में सहभागिता भी निभा सकती हैं। आप अपने पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित कर सकती हैं।

---

महात्म्य

आर.सी.शर्मा

श्रीकृष्ण को भगवान के रूप में हम सब पूजते ही हैं। लेकिन उन्होंने अपनी लौकिक लीलाओं में ऐसे अनेक संदेश दिए, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए पथ-प्रदर्शक बने हुए हैं।

# जीवन-जगत के शाश्वत पथ-प्रदर्शक श्रीकृष्ण

कृष्ण वंदे जगतगुरुम्। यह वाक्य सिर्फ धार्मिक श्रद्धा का भाव नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए एक जीवन दर्शन भी है। श्रीकृष्ण का स्वरूप इतना विराट है कि उनके अनेक आयाम हैं। वह देवता हैं, लीलानायक हैं, परमब्रह्म हैं, योगेश्वर हैं, राजनीतिज्ञ और कूटनीतिज्ञ भी हैं। कुरुक्षेत्र में उन्होंने अर्जुन को जो गीता का गुरु ज्ञान दिया, वह समय की सीमाओं को पार कर हर समय के लिए एक शाश्वत जीवनमूल्य बन गया है। आज दुनिया जिस तरह से अनेक संकटों से घिरी है, कई तरह के नैतिक भ्रम पसरे हैं, युद्ध की आशंकाएं हर तरफ मंडरा रही हैं, पर्यावरणीय आपदाएं सिर उठाए खड़ी हैं, इंसान मानसिक अवसाद और सामाजिक विघटन से जूझ रहा है और इस सबके बीच समाज से आध्यात्मिक चेतना छीजती जा रही है। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण केवल श्रद्धा का विषय नहीं हैं बल्कि आज के संकटग्रस्त विश्व के शाश्वत समाधान की तरह हैं।

**देते हैं संकट से संघर्ष का मंत्र:** अगर गहराई से देखें तो महाभारत काल में सिर्फ एक कुरुक्षेत्र का युद्ध हुआ था। लेकिन आज तो दुनिया का हर युवा, वृद्ध और बालक अपने-अपने जीवन के कुरुक्षेत्र में खड़ा है। कोई नौकरी और आत्मसम्मान के बीच द्वंद्वरत है, कोई रिश्तों में मोह और स्वाभिमान की टकराहट से घिरा है, किसी के अंदर धर्म और लोभ का संघर्ष चल रहा है, तो बाहरी तौर पर दुनिया के अनेक राष्ट्रों के बीच अपने अहम का वर्चस्व स्थापित करने के लिए गैरजरूरी युद्ध लड़े जा रहे हैं। ऐसे में आज हर सोचने-समझने वाला व्यक्ति अर्जुन की भांति किंकर्तव्यविमूढ़ खड़ा है। वह युद्ध करना नहीं चाहता और हालात ऐसे हैं कि बिना युद्ध के उनसे निकलना भी संभव नहीं है। ऐसे में स्त्री हो या पुरुष, हर किसी को श्रीकृष्ण जैसे एक सारथी की जरूरत है, जो न केवल उसका रथ हांके, उसे नैतिक विश्वास का संरक्षण भी दे, ताकि वह अपने हिस्से की लड़ाई को पूरे वेग से लड़ सके। यहीं पर मौजूं हो जाता है 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन' का मूल विचार यानी तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने का है, फल की चिंता मत करो, को अपनाएं। यही श्रीकृष्ण की सबसे बड़ी शिक्षा है और यही शिक्षा इस संकटग्रस्त विश्व का सबसे बड़ा समाधान है। खासतौर पर स्त्रियों को



ऐसे संबल की आवश्यकता अधिक होती है क्योंकि उनका संघर्ष कई मायने में पुरुषों से भी जटिल और बहुस्तरीय होता है।

**देते हैं जीवंत-कर्मरत रहने का संदेश:** भले आज विज्ञान और तकनीक ने हमें बहुत भौतिक समृद्धि दी हो, लेकिन अधिकांश लोग तनाव, बेचैनी और अकेलेपन से जूझ रहे हैं। अधिकतर महिलाओं पर घर-बाहर के काम का इतना दबाव बढ़ता जा रहा है कि वे अवसाद से ग्रस्त रहने लगती हैं। ऐसे में जीवन से अरुचि महसूस होने लगती है। इस मानसिक संत्रास और धार्मिक-आध्यात्मिक शून्यता में फिर से गीता के प्रकाश की जरूरत है। गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं, 'योगस्थः कुरु कर्माणि' अर्थात मन को स्थिर करके कर्म करो। गीता का यह श्लोक आज के मेंटल हेल्थ संबंधी विचार और सिद्धांत से पूरी तरह से मेल खाता है, जिसमें कहा गया है कि मन को स्थिर रखें, जो गुजर गया, उसकी परवाह न करें, भविष्य की चिंता में डूबें नहीं और जो वर्तमान है, उसमें डूबकर जीएं। इससे शारीरिक और मानसिक तौर पर खुश रहेंगे।

### समझें प्रेम का उदात्त स्वरूप



**आज हमें** अपने इर्द-गिर्द छल, कपट, स्वार्थ और अनीति का वातावरण दिखता है। ऐसे में हम कृष्ण से नैतिकता और विवेक के संतुलन का पाठ सीख सकते हैं। आज जितने लोग विपन्न पहले कभी नहीं रहे। क्योंकि भोगवादी संपन्नता क्षणिक होती है और आज का पूरा समय ही भोग-लिप्सा का समय है। ऐसे में जरूरत है कि एक बार फिर से हम राधा-कृष्ण के उस आध्यात्मिक प्रेम की तरफ देखें, जो धर्म और आचरण की शुद्धता का पर्याय है, जो निजी भावनाओं को ही नहीं बल्कि वातावरण को प्रेममय बना देता है।

---

रेसिपी/ ओम प्रकाश गुप्ता

भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर्व **जन्माष्टमी (16 अगस्त)** पर आप जरूर व्रत रखेंगी और रात में पूजन के बाद नन्हे कान्हा जी को भोग भी लगाएंगी। इसीलिए इस बार हम आपको बता रहे हैं कई तरह के भोग की रेसिपी।

# कान्हा के लिए बनाएं मीठे-मीठे भोग

### मीठे गुड़-मखाने



**सामग्री :** मखाने-100 ग्राम, गुड़ का चूरा-100 ग्राम, सफेद तिल-1 बड़ा चम्मच, घी-तलने के लिए

**विधि:** कड़ाही में घी गरम करके मंदी आंच पर मखाने तल लें। गुड़ में थोड़ा सा पानी मिलाकर एक तार की चाशनी बनाएं। चाशनी में तले हुए मखाने डालकर अच्छी तरह चलाएं। तिल डालकर थोड़ा और चलाएं। मखानों पर चाशनी चढ़ जाने पर आंच से उतार लें। थोड़ा ठंडा होने पर कड़ाही से निकालें। मीठे गुड़-मखाने तैयार हैं।

### मक्खन-मिश्री लड्डू



**सामग्री :** गाय के दूध का मक्खन-250 ग्राम, पिसी चीनी-2 बड़े चम्मच, मिश्री के दाने-1/2 कप, पिस्ता चूरा-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-थोड़े से

**विधि:** मक्खन में चीनी मिलाकर अच्छी तरह फेंटें। इसमें आधे मिश्री के दाने और पिस्ता चूरा मिलाकर फ्रीजर में रख दें। 1-2 घंटे बाद मक्खन काफी सख्त हो जाएगा। तब इससे मनचाहे आकार के लड्डू बना लें। इन पर बचे मिश्री के दाने लगाकर फिर से फ्रिज में रख दें। जब चाहें तब ठंडे-ठंडे मक्खन के लड्डू फ्रिज से निकालें और तुलसी के पत्ते से गार्निश करके तुरंत सर्व करें।

### दूध-दही पंचामृत



**सामग्री :** दूध-2 कप, दही-1/4 कप, पिसी चीनी-50 ग्राम, शहद-1 छोटा चम्मच, बादाम-1 बड़ा चम्मच, पिस्ता-1 छोटा चम्मच, घी-1 छोटा चम्मच, गंगा जल-1 छोटा चम्मच, तुलसी के पत्ते-4, चांदी का वर्क-1

**विधि:** सबसे पहले बादाम और पिस्ते बारीक काट लें। दूध में चीनी घोल लें। इसमें एक कप ठंडा पानी मिला लें। फिर दही, घी, शहद और गंगा जल मिला लें। ऊपर से तुलसी के पत्ते डाल कर कटा बादाम और कटा पिस्ता बुरक दें। दूध-दही पंचामृत तैयार है।

---

आस्था

अनीता जैन

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी के पर्व का जितना धार्मिक महत्व है, उतना ही यह आत्मबोध का भी पर्व है। इस दिन श्रद्धा से व्रत पूजन करने से शुभ फलों की प्राप्ति के साथ आत्मोत्थान का मार्ग भी प्रशस्त होता है।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भक्ति-आत्मबोध का दिव्य पर्व

जब-जब धरती पर अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। इन अवतारों का उद्देश्य केवल दुष्टों का नाश नहीं, बल्कि मानव समाज को सत्य, प्रेम और कर्तव्य का मार्ग दिखाना भी रहा है। प्रत्येक अवतार मानवता को नया दृष्टिकोण देता है। भगवान विष्णु के सभी अवतारों में श्रीकृष्ण का अवतार सबसे विशिष्ट माना जाता है। श्रीकृष्ण केवल एक पूजनीय देवता ही नहीं, बल्कि वह ऐसे आदर्श पुरुष हैं, जिनके जीवन में भक्ति, नीति, प्रेम और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उनके जन्म की रात्रि, जिसे मोहरात्रि कहा गया है, संसारिक मोह से मुक्ति का संदेश देती है।

**आध्यात्मिक जागरण का पर्व:** जन्माष्टमी केवल उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण का पर्व है। यह पर्व हमें श्रीकृष्ण के अवतारी जीवन से सीख लेने को प्रेरित करता है। इस अवसर पर हर मंदिर और घर में झूला सजता है, भजन-कीर्तन होते हैं और भक्त रात भर जागरण करते हैं। उपवास, ध्यान और श्रीकृष्ण के नाम स्मरण से मन को शांति और आत्मा को ऊर्जा मिलती है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि सच्चा प्रेम, भक्ति और धर्म ही जीवन के शाश्वत आधार हैं।



**पौराणिक मान्यता:** अवतार का तात्पर्य होता है-अव्यक्त से व्यक्त रूप में ईश्वर का प्रादुर्भाव। जब कंस जैसे अत्याचारी का आतंक बढ़ा, तब श्रीहरि ने देवकी-वासुदेव के पुत्र रूप में जन्म लेकर धर्म की पुनः स्थापना का उद्घोष किया। उनके जन्म लेते ही कारागार के बंद द्वार खुल गए, हथकड़ियां टूट गईं और प्रहरी निद्रावश हो गए। श्रीकृष्ण को वासुदेव यमुना पार गोकुल ले गए। यह केवल एक बालक का अवतरण नहीं, बल्कि ब्रह्म का प्रकट होना था। श्रीकृष्ण के इस आलौकिक प्राकट्य ने समस्त जगत को उल्लासित कर दिया। श्रीकृष्ण का संपूर्ण जीवन केवल लीलामय नहीं, बल्कि गूढ़ जीवन-दर्शन से परिपूर्ण है। उन्होंने गोकुल में मुरली के मधुर स्वर से प्रेम का पाठ पढ़ाया, तो कुरुक्षेत्र में गीता के रूप में कर्मयोग का संदेश भी दिया।

**श्रीकृष्ण जन्म की रात्रि का आलौकिक महत्व:** हमारे धर्मग्रंथों में चार विशेष रात्रियों का उल्लेख है- कालरात्रि (दीपावली), महारात्रि (शिवरात्रि), अहोरात्रि (होली) और मोहरात्रि (जन्माष्टमी)। जन्माष्टमी की रात को योग, ध्यान, जप और उपासना का विशेष महत्व है। इस रात्रि में जागरण से मोह-माया से मुक्त होकर आत्मबोध बढ़ता है।

### व्रत-पूजन विधि और महत्व

**भविष्य पुराण** में जन्माष्टमी व्रत को व्रतराज कहा गया है। जिस घर में यह व्रत श्रद्धापूर्वक किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु, कलह, दुर्भाग्य जैसे दोष नहीं आते। इस दिन प्रातः स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख कर व्रत का संकल्प लें। देवकी-वासुदेव और बालक श्रीकृष्ण की मूर्ति या चित्र को झूले में स्थापित करें। व्रत में देवकी, वासुदेव, नंद, यशोदा, बलराम आदि का नाम लेकर पूजन करें। रात्रि 12 बजे के बाद श्रीकृष्ण के जन्म के समय पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद भगवान को नवीन पीतांबर वस्त्र पहनाएं, तिलक करें और उन्हें पालने में झुलाएं। पूजन में तुलसी, फूल, अक्षत, धूप-दीप, नैवेद्य का प्रयोग करें। माखन-मिश्री, धनिए की पंजीरी, पंचामृत और मक्खन-शक्कर का भोग लगाएं। झूला झुलाते हुए भजन-कीर्तन करें। आरती के पश्चात प्रसाद को भक्तों में वितरित करें और रात्रि जागरण करें। इस रात मंत्रजप, श्रीकृष्ण नामस्मरण और गीता पाठ करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है। यह पूजन व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।



■ बच्चों को बताया पर्यावरण संरक्षण का महत्व

महम। आर्य स्कूल मदीना में पौधरोपण करते एसडीएम मुकुंद।

## आर्य स्कूल मदीना में एसडीएम मुकुंद ने किया पौधरोपण, रैली को दिखाई हरी झंडी

**महम।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में सोमवार को एनएसएस कैंप लगाया गया। कैंप के दौरान एक पेड़ शहीदों के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। एनएसएस विंग की इंचार्ज पूनम अहलावत की अगुवाई में एनएसएस स्वयंसेवकों और भारत स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने विद्यालय से मदीना के सामान्य अस्पताल तक एक जागरूकता रैली निकाली। एसडीएम मुकुंद ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वयंसेवकों ने रैली में ऑपरेशन सिंदूर की विजय की खुशी मनाते हुए शहीद अमर रहें के नारे लगाए। इस दौरान शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। छात्र-छात्राओं ने में पेड़ पौधे व प्रकृति को बचाने का वचन लिया। बच्चों ने शपथ ली कि वह प्रकृति को बचाने के लिए अपने प्रत्येक जन्मदिन पर अपने देश के शहीदों के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएंगे। समारोह के मुख्य अतिथि एचसीएस अधिकारी मुकुंद ने बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाया और प्रकृति को ही मां का स्वरूप बताया। विद्यालय प्रांगण में उन्होंने स्वयं भी एक पेड़ लगाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक ढांगी ने मुख्य अतिथि को एक पौधा व स्मृति चिन्ह भेंट किया।




## भारतीय जनता मजदूर सेल ने प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की

**रोहतक।** भारतीय जनता मजदूर सेल ने रविवार को हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी घोषित की। जॉन हॉल सिविल लाइन गुरुग्राम में बीजेएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विश्व प्रिय चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण चटर्जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कार्यकारिणी घोषित की। 35 सदस्यों वाली प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश के सभी जिलों को प्रतिनिधित्व दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विश्व प्रिया चौधरी, अरुण चटर्जी, दीपक शर्मा ने सभी को नियुक्ति पत्र और पहचान पत्र सौंपे। डॉक्टर विश्व पर्यावरण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रमिकों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं और श्रमिकों को सम्मान अधिकारों सम्मान मिल रहा है और उनकेटों की रक्षा की जा रही है। इस मौके पर राम प्रकाश को अध्यक्ष का पद दिया गया। अमित शर्मा को अध्यक्ष नियुक्त किया गया वहीं आईटी सेक्टर में पवन दीक्षित को हरियाणा प्रभारी नियुक्त किया गया।

## भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**कलानौर।** कलानौर मंडल की तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा कलानौर मंडल के संयोजक हरीश कौशिक चेयरमैन को-ऑपरेटिव बैंक रोहतक साथ में



प्रदेश सचिव रेनू डाबला, जिला संयोजक राजकुमार शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुलशन दुआ, धर्मवीर शर्मा, मंडल अध्यक्ष कुलदीप कौशिक, चेयरपर्सन कलानौर निर्मला देवी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि राजू फौजी ने यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा का समापन प्रदेश सह संयोजक डॉ.आदित्य बत्रा व जिला अध्यक्ष भाजपा रणवीर ढाका ने चेयरमैन हरीश कौशिक की कलानौर अनाज मंडी स्थित दुकान पर पहुंच कर किया। इस अवसर पर चेयरमैन हरीश कौशिक व अन्य कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और शहीदों को नमन किया। इस मौके पर कलानौर ब्लॉक समिति चेयरमैन नीरज यादव, सरपंच चुन्नीलाल, जितेंद्र, भगता, कश्मीरी देवी, रविंद्र, नवीन, पूर्व सरपंच सीताराम राठी, प्रफुल्ल आनंद सहित सभी पार्षद भी तिरंगा यात्रा में शामिल रहे।




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह।

## समाधान शिविर में अधिकारियों ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**रोहतक।** उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने सोमवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जिला मुख्यालय के अलावा सांपला व महम उपमंडल स्तर पर भी सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। महम व सांपला उपमंडलों में शामिल गांवों के नागरिक उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों में जाकर अपनी शिकायतों का निपटारा करवा सकते हैं। ताकि उन्हें जिला मुख्यालय पर न आना पड़े। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सीवर की सफाई के लिए आवश्यक कदम उठाए तथा पेयजल पाइप लाइन लीकेज की शिकायत प्राप्त होते ही तुरंत ठीक करवाए। विभाग द्वारा नागरिकों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। डीसी ने नगर निगम के अधिकारियों को प्रॉपर्टी आईडी में शुद्धिकरण, पुलिया का निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय कम करवाने के लिए शिकायत लेकर पहुंचे नागरिकों से कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उनकी फिजिकल वेरिफिकेशन करवाई जाएगी, जिसके आधार पर वार्षिक आय में बदलाव किया जा सकता है। इस अवसर पर जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वरिंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता गगन पांडे, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गोरिका सुहाग, परिवहन विभाग के यातायात प्रबंधक नवीन कुमार, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी व भाजपा के प्रतिनिधि उदयभान मलिक मौजूद रहे।

### जलघरों में भी अत्याधुनिक सफाई उपकरण नहीं

# कई क्षेत्रों में दूषित पेयजल सप्लाई से हाहाकार वर्षों पुरानी पाइपलाइन बनी बीमारी की जड़

■ निगम हाउस की बैठक में भी मुद्दा उठ चुका, लेकिन समाधान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के प्रमुख आवासीय क्षेत्रों देव कॉलोनी, सेक्टर एक, गुरुनानकपुरा, अशोक नगर, गोहाना रोड, लाढ़ौत रोड, प्रेम नगर, शास्त्री नगर, सुखपुरा चौक, सेक्टर एक दो सहित सेक्टर 14 में दूषित पेयजल की आपूर्ति ने नागरिकों का जीना दुश्वार कर दिया है। वर्षों पुरानी जलापूर्ति पाइपलाइन के कारण इन इलाकों में नलों से गंदा, बदबूदार और कभी-कभी मटमैला पानी आ रहा है, जिससे लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

नगर निगम की कई हाउस मीटिंगों में यह मामला बार-बार उठ चुका है, लेकिन समाधान के नाम पर सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। सीवर का गंदा पानी अक्सर टूटी पाइपलाइन से मिलकर पेयजल लाइनों में घुस जाता है। कई बार अनजाने में यह पानी पीने से बच्चों और बुजुर्गों को उल्टियां, दस्त और पेट दर्द जैसी दिक्कतें होने लगी हैं।

स्वास्थ्य केंद्रों में ऐसे मरीजों की संख्या में इजाफा भी दर्ज किया गया है। नगर निगम द्वारा शहर में जलापूर्ति के लिए जो पाइप लाइन वर्षों पहले डाली गई थी, वह अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।

कुछ स्थानों पर पाइप फट चुकी हैं, तो कहीं लीकेज हो रही है। इससे गंदा पानी नलों तक पहुंच रहा है। देव कॉलोनी की एक निवासी सुमन देवी ने बताया, हर रोज नल खोलते ही गंदा और बदबूदार पानी आता है। टंकी में भरने के बाद बदबू इतनी होती है कि उसे हटाने के लिए घंटों तक सफाई करनी पड़ती है।

### वार्ड 7 के पार्षद ने उठाए सवाल

यह स्थिति जनस्वास्थ्य विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े करती है। जब एक ही समस्या वर्षों से बनी हुई है और नागरिक लगातार शिकायत कर रहे हैं, तो विभाग की तरफ से कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया जा रहा। वार्ड सात के पार्षद कपिल नागपाल ने कहा है कि उनके वार्ड में गंदे पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ



तो वह आंदोलन करने से भी नहीं चूकेंगे। इसके बाद की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### जनता की मांग

अब समय आ गया है कि नगर निगम और जनस्वास्थ्य विभाग मिलकर शहर की पुरानी पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करें। टूटी पाइपलाइनों को बदलने का काम प्राथमिकता पर किया जाए और शहर में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि नागरिकों को राहत मिल सके और बीमारियों से बचाव हो सके।

### निगम की बैठकों में उठ चुका मुद्दा, फिर भी नहीं हो रहा समाधान

नगर निगम की बैठकों में भी यह समस्या बार-बार उठाई जा चुकी है। पार्षदों ने सुझाव दिए हैं कि शहर की पुरानी पाइप लाइन को पूरी तरह से बदलना चाहिए, लेकिन विभागीय उदासीनता और बजट की कमी के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पार्षदों का कहना है कि केवल क्लोरीन डालने या पाइप लाइन की मरम्मत से अब समस्या का समाधान नहीं होने वाला।

### बीमारियों का खतरा बढ़ा, लोग खुद की व्यवस्था में जुटे

शहर के विभिन्न हिस्सों में लोग अब खुद ही वाटर प्यूरीफायर या आरओ सिस्टम लगवाने पर मजबूर हैं, लेकिन यह हर किसी के बस की बात नहीं है। मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोगों को गंदे पानी से ही काम चलाना पड़ता है। लाढ़ोत रोड निवासी मनजीत कुमार, सुनील और मोनू ने कहा, सरकारी सप्लाई का पानी इतना गंदा है कि बच्चों के पेट खराब हो रहे हैं। उनको अस्पताल ले जाना पड़ता है। कितनी बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती।

### पाइपलाइन दबाने का प्रोजेक्ट चल रहा

*अगर इस तरह की समस्या है तो हमें शिकायत मिलती है और मौके पर ही समाधान भी किया जाता है। पाइपलाइन दबाने का प्रोजेक्ट चल रहा है, जल्द ही यह कार्य भी शुरू होगा। अगर कहीं पानी गंदा आता है तो वहां पानी के टेंकर भिजवा दिए जाते है। आमजन को पानी के लिए परेशान नहीं किया जाता है।*

*-अनिल कुमार, एसडीओ, जनस्वास्थ्य व अभियांत्रिकी विभाग*

### लोग कर रहे शिकायत

*सेक्टर सहित शहर के अन्य एरिया में दूषित पेयजल की सप्लाई आ रही है। लोग विभाग को शिकायत कर रहे हैं। जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी समस्याओं का समाधान ही नहीं करवा पा रहे हैं। प्रशासन को दूषित पेयजल की समस्या का जल्द समाधान करना चाहिए।*

*-कदम सिंह अहलावत, पूर्व पार्षद*




## पीएनबी में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर हुई चर्चा

**रोहतक।** जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक ने ग्राम पंचायत कंसाला में भारत सरकार द्वारा एक जुलाई 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक चलाए जा रहे वित्तीय समायोजन कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन किया। जिसमें सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना के साथ साथ री-के वाई सी, बैंक खातों में नामांकन सुविधा एवं डीजिटल धोखाधड़ी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर बोलते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के महाप्रबंधक पंकज सेतिया ने ऐसे शिविर लगाने का महत्त्व बताया, जिसमें सरकार की सोच है कि हर पात्र व्यस्क व्यक्ति को सरकारी सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा जाए ताकि किसी भी आकस्मिक दुर्घटना के वक़्त या वृधावस्था में उनका जीवन सुरक्षित हो सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने बैंक में नामांकन की सुविधा, री-के वाई सी का महत्त्व भी बताया एवं आज के तकनीकी युग में डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के बारे भी जागरूक किया। डीडीपीओ राजपाल चहल ने उपस्थित जनसमूह को सभी मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करते हुए सरकार के वितीय समायोजन योजनाओं के तहत बैंक से जुड़ने और योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बोलते हुए पंजाब नेशनल बैंक की मंडल प्रमुख आरजू ने जिले में बैंक की विभिन्न शाखाओं द्वारा दी जा रही सरकारी योजनाओं के बारे अपने विचार साझा किए। शिविर में कंसाला व आसपास के गांवों से ग्रामीणों ने भाग लिया एवं शिविर में चर्चा में आए मुद्दों पर जागरूकता अभियान से ज्ञान लाभ प्राप्त किया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को मौके पर ही उक्त सभी योजनाओं से जोड़ने के लिए बैंक की तरफ से व्यवस्था भी की गई थी। कार्यक्रम के अंत में जिला अग्रणी प्रबंधक महावीर प्रसाद ने मुख्य अतिथि पंकज सेतिया का इस आयोजन में भाग लेने के लिए धन्यवाद करते हुए बताया कि उनकी उपस्तिथि से बैंक स्टाफ में उत्साह को बढ़ावा मिला है। इस मौके पर भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के जिला अधिकारी सहित विभिन्न बैंकों की आसपास की शाखाओं के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## सांग वीर विक्रमाजीत से हुआ नाटक उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा कला परिषद (कुरुक्षेत्र ज़ोन) और हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफार्मिंग आर्ट्स (हिपा) द्वारा जेड गलोबल स्कूल के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय नाटक उत्सव के अंतिम दिन सांग वीर विक्रमाजीत का मंचन हुआ। उत्सव के पहले दिन हास्य नाटक गधे की बारात और दूसरे दिन डेढ़ इंच ऊपर का मंचन किया गया था। प्रसिद्ध सांगी पं. मांगे राम के लिखे आज के सांग को सोनीपत के सांगी श्योनाथ त्यागी की टीम ने प्रस्तुत किया। चुटीले संवादों और विविधतापूर्ण रागनियों से सजे सांग की प्रस्तुति ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया और कलाकारों ने खूब तालियां बटोरीं। डॉ. सुरेन्द्र दहिया कार्यक्रम के मुख्यातिथि रहे।

मंच संचालन करते हुए अविनाश सैनी ने कहा कि सांग हरियाणा की सबसे प्राचीन लोकनाट्य विधा रही है। एक समय मनोरंजन का प्रमुख साधन रहा सांग अब लुप्त होने के कागार पर है, जिसे करने वाले बहुत कम कलाकार बचे हैं। इसीलिए हरियाणा सरकार इस विधा को पुनर्जीवित करने के भरपूर प्रयास कर रही है और सांगियों को प्रोत्साहित करने के साथ साथ सांगों का अधिकाधिक मंचन करवा रही है। जेड गलोबल



स्कूल ने निःशुल्क सभागार उपलब्ध करवा कर इस कार्य में भरपूर सहयोग दिया है।

सांग वीर विक्रमाजीत उज्जैन के न्यायप्रिय राजा विक्रमादित्य और खांडेराव परी की कहानी पर आधारित है। मानसरोवर झील से हंसों का एक समूह राजा विक्रमाजीत के राज्य में आश्रय लेने आता है और राजा की आवभगत से खुश होकर उसकी भरपूर प्रशंसा करता है। इस पर स्वर्ग के राजा इंद्र कुपित हो जाते हैं और एक हँसिनी को बंदी बना कर ले जाते हैं। इंद्र कहते हैं कि अगर विक्रमाजीत इतना दयालु और पराक्रमी है तो उस से हंसिनी को छुड़वा ले। हँसों को गुहार पर विक्रमाजीत हँसिनी को छुड़वाने चल पड़ता है। रास्ते में भी वे लोगों के कष्ट दूर करते जाते हैं। पहले सराय की भठियारी के बेटे की जान बचाते हैं, फिर लड़की के पेट में पल रहे जहरीले सांप को मार कर उसकी जान बचाते हैं व उससे शादी करते हैं। इसी कड़ी में वे खूबसूरत खांडेराव परी की मदद से स्वर्ग में पहुंचते हैं और न लेवल अपने दादा इंद्र से हंसिनी को मुक्त करवाते हैं, बल्कि खांडेराव परी को भी आज़ाद करवाकर अपने साथ ले आते हैं।

सांग में कलाकारों ने उम्दा रागनियां प्रस्तुत कीं। लाइट और साउंड की जिम्मेदारी जगदीप जुगनू ने निभाई। मुख्यातिथि डॉ. सुरेन्द्र दहिया ने कलाकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। हिपा के चेयरमैन एवं रंगकर्मी विश्वदीपक त्रिखा ने मुख्यातिथि और विशिष्ट अतिथि सुशीला देवी को स्मृति चिन्ह प्रदान किए। इस अवसर पर मुंबई से जाने माने नाट्यकर्मी और निर्देशक देव फ़ौजदार की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। इनके अलावा ओमैक्स रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. संतोष मुदगिल, प्रसिद्ध नकारावादक सुभाष नगाड़ा, गायक गुलाब सिंह, सतपाल रोहटिया, फोटोग्राफर अनिल कुमार, अविनाश सैनी, सुधीर कुमार, नरेश बल्हारा, नरेन्द्र शर्मा, सुभाष, कृष्णा देवी, शक्ति सरोवर त्रिखा, तरुण पुष्प, विकास रोहिल्ला, अमित शर्मा, समीर शर्मा आदि संस्कृति प्रेमी मौजूद रहे।




## मदवि में पहली बार वेद पाठ के साथ दीक्षारंभ उत्सव का आगाज

■ यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त के साथ आध्यात्मिकता और उत्साह का किया संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में सोमवार को वेदपाठ के साथ स्नातकोत्तर नवागंतुक विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ उत्सव की भव्य शुरुआत हुई। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूक्त के पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुए इस आयोजन में पूरे परिसर का वातावरण आध्यात्मिकता, सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह से भर उठा। प्रो. सुरेन्द्र कुमार और संस्कृत विभाग की छात्राओं ने शिव संकल्प सूक्त का लयबद्ध पाठ कर वातावरण में नई ऊर्जा का संचार किया।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने नए प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों को दीक्षा देते हुए



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्यअतिथि यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश व कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

जीवन में सफलता पाने और बेहतर इंसान बनने का मंत्र दिया। यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यक्रम में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि यूएन वूमेन इंडिया, राष्ट्र प्रतिनिधि कांता सिंह रहीं। इस अवसर पर भारतीय पुनर्वास परिषद की अध्यक्षा डा. शरणजीत कौर तथा भगत फूल सिंह महिला विवि की पूर्व कुलसचिव डा. शिमला की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने नव प्रवेश प्राप्त छात्रों का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षार्थ आइए और सेवार्थ जाइए ही विश्वविद्यालय का मूल मंत्र है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एमडीयू केवल डिग्री हासिल करने का केंद्र नहीं, बल्कि यह ज्ञान, अनुसंधान और चरित्र निर्माण का पावन स्थल है। कुलपति ने विद्यार्थियों से निष्ठा, अनुशासन और परिश्रम को जीवन का आधार बनाने की बात कही। साथ ही शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. वेद प्रकाश ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के लिए अनुशासन और कड़ी मेहनत को सर्वोच्च मंत्र बताया।

विशिष्ट अतिथि यूएन विमेन इंडिया की राष्ट्र प्रतिनिधि कांता सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन भर सीखते रहने की आदत विकसित करने और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी।

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- RMO 4
- ICU STAFF 6
- NURSING STAFF 4
- PRO/MARKETING EXECUTIVE 2
- COMPUTER OPERATOR 1

नज़दीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## परिवेदना समिति बैठक में 16 में से 10 शिकायतों का मौके पर किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

■ परिवेदना समिति बैठक में नहीं पहुंचे कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार

उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतकर्ता विजय कुमार को लंबित मानदेय का भुगतान करवाए तथा उन्हें एचकेआरएन में पोर्ट करवाएं। धर्मेंद्र सिंह स्थानीय जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के एजेंडे में शामिल 16 शिकायतों में से 10 शिकायतों का मौके पर निपटारा किया गया तथा 6 शिकायतें लंबित रखते हुए संबंधित अधिकारियों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्थानीय वाल्मीकि बस्ती निवासी विजय कुमार की शिकायत की सुनवाई करते हुए जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे श्रम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय अनुसार शिकायतकर्ता को लंबित मानदेय का भुगतान करवाना सुनिश्चित करें। हालांकि कैबिनेट मंत्री कृष्ण पंवार मीटिंग में नहीं पहुंच पाए।

### गली से अवैध कब्जा हटवाने के आदेश

धर्मेंद्र सिंह ने गांव दतौड़ निवासी जयभगवान की शिकायत की सुनवाई करते हुए सांपला के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायत की गली से अवैध कब्जा हटवाए। उन्होंने गांव समचाना निवासी नरेश कुमार की शिकायत की सुनवाई करते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायत से प्रस्ताव लेकर उपमंडलाधीश न्यायालय में कब्जा हटवाने बारे केस दायर करें। उन्होंने कटेसरा निवासी विनोद कुमार की शिकायत करते हुए कलानौर के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे शेष अवैध कब्जों को तुरंत हटवाए।



रोहतक। विभिन्न गांव के लोग उपायुक्त धर्मेंद्र सिंह को अपनी समस्याएं बताते। फोटो : हरिभूमि

*ये रहे मौजूद:* इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, एएसपी शशि शेखर, उपमंडलाधीश उत्सव आनंद, आशीष कुमार, मुकुंद तंवर, आरटीए सचिव विरेंद्र ढुल, रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग, नगराधीश अंकित कुमार, परिवहन महाप्रबंधक विपिन कुमार, सिविल सर्जन डॉ. रमेश चंद्र, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल सहित अन्य संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी तथा समिति के मनोनीत सदस्यगण मौजूद रहे।

### प्रेम नगर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति करवाएं

डीसी ने विभाग के अधिकारियों को प्रेम नगर में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करवाने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को हैफेड फिडर से पानी की आपूर्ति करवाने की फिजिबिलिटी जांची जाए। उन्होंने कहा कि सीवर की सफाई सुपर सकर मशीन से करवाने के लिए आगामी कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्थानीय देवी निवासीगण की शिकायत की सुनवाई करते हुए जिला नगर योजनाकार को कॉलोनाइजर के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने करौंथा निवासियों की शिकायत की सुनवाई करते हुए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी रोहतक को आगामी 10 दिन में प्लॉट धारकों को प्लॉटों का कब्जा दिलवाने के निर्देश दिए।

hartron
ISO 9001 : 2015
Enhance your talent
HARTRON
SKILL CENTRE For
Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

## खबर संक्षेप

### पार्षद ने एसडीएम से की फर्जी हस्ताक्षर मामले की जांच की मांग

**महम।** कस्बा महम के वार्ड 6 के पार्षद शैंकी गिरधर ने एसडीएम को एक शिकायत दी है। शिकायत में उन्होंने कहा है कि सोशल मीडिया के माध्यम से उसको 6 अगस्त को पता चला कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चीफ इंजिनियर पंचकूला को एक शिकायत दी गई है। जिसमें जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा दोबारा टेंडर लगाए जाने की मांग की गई है। वह टेंडर 7 अगस्त को खुलना था। इस मांग पत्र में कई पार्षदों के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। शैंकी गिरधर ने कहा कि उनकी कई पार्षदों से फोन पर बात हुई है और उन्होंने कहा कि उनके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। पार्षद का कहना है कि उसके हस्ताक्षर भी फर्जी हैं। जब यह बात सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो पता चला कि कितनी चालाकी से पार्षदों के फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। वह टेंडर रद् करवाने के हक में नहीं हैं। इस मामले की जांच होनी चाहिए और दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### हरियाणा राज्य सब-जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता 14 से

रोहतक। योनेक्स सनराइज एलपीएस बोसार्ड 58वीं हरियाणा राज्य सब-जूनियर (अंडर-15, अंडर-17) बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 14 अगस्त से 17 अगस्त 2025 तक रोहतक में किया जाएगा। चार दिवसीय इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी रोहतक जिला बैडमिंटन एसोसिएशन कर रही है। संघ के अध्यक्ष यशपाल सिंह पंवार ने बताया कि प्रतियोगिता सेक्टर-6 स्थित फ्लाईविंग स्पोर्ट्स एरिना में आयोजित होगी। उद्घाटन समारोह में एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष व हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव अजय सिंघानिया विशिष्ट अतिथि होंगे। प्रतियोगिता में हरियाणा के सभी जिलों से लगभग 500 खिलाड़ी, जिनमें अंडर-15 और अंडर-17 आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग लेंगे।

### 20 गांवों में जलभराव से खराब हो रही फसलें, किसानों में गुस्सा

# किसानों ने डीसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन तो उपायुक्त ने पानी निकासी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला के जलभराव से पीड़ित गावों के किसानों ने फसल खराबे के मुआवजे की मांग को लेकर सोमवार को उपायुक्त कार्यकाल पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद डीसी रोहतक को प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा उन्होंने आश्वस्त किया कि जल्द क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला जाएगा। इधर डीसी ने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि खेतों से बरसाती पानी की निकासी में तेजी लाई जाए। प्रदर्शन के बाद किसान सभा जिला सचिव बलवान सिंह ने बताया कि जिला में सबसे ज्यादा महम तहसील के गांव सैमान, बेडवा, भैणी सुरजन, भैणी मातो, भैणी महाराजपुर, भैणी भैरों, सीसर, भलंबा, निंदाना, खेड़ी महम, भैणी चंद्रपाल, फरमाना खास, बैंसी, खरक और फिर कलानौर के पटवापुर, बनियानी, मड़ौधी, लाहली एवं सांपला तहसील में कुलताना, चुलाना के दर्जनों गावों के हजारों एकड़ में जलभराव होने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रदर्शन में सैमान, सीसर खास, भैणी चंद्रपाल, खरक, चुलाना, बडाली, निंदाना, बनियानी, पाकस्मा आदि गावों से जिला प्रधान प्रीत सिंह, राज्य महासचिव सुमित दलाल, राय सिंह नेहरा, जितेंद्र सिवाच, हरिओम सिवाच, शमशेर, प्रदीप, जयवीर, बारु, वेदपाल, तकदीर, नफे सिंह, अंकित चुलाना, ओम सिंह हुडा, रवि, राज सिंह, चंद्रभान, अत्तर सिंह गिल, मोहन, सतीश, कुलदीप, दलबीर, जय सिंह, नरेश सिवाच, कमान सिंह, बलबीर बल्हारा, एडवोकेट रामचंद्र सिवाच, जगबीर पंडित, जोग बनियानी आदि शामिल रहे। इसके बाद लघु सचिवालय में आयोजित एक मीटिंग में डीसी धर्मेंद्र सिंह ने सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता को निर्देश दिए कि वे खेतों से शीघ्र जल निकासी के आवश्यक प्रबंध करें तथा ग्रामीणों को आवश्यकता अनुसार जल निकासी के उपकरण उपलब्ध करवाएं ताकि किसानों की फसलों को नुकसान से बचाया जा सके। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगराधीश अंकित कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल भी मौजूद रहे। डीसी ने कहा कि गत दिनों हुई बारिश के कारण जलभराव की समस्या से प्रभावित गांवों की कृषि भूमि से जल निकासी करवाई जाए। जिला प्रशासन द्वारा आबादी के क्षेत्र तथा कृषि भूमि से जल निकासी के समुचित प्रबंध किए जा रहे है ताकि फसल को नुकसान न हो।



**रोहतक।** नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय पर जाते अलग-अलग गांवों के किसान।

#### 5 फीट तक पानी, फसलें चौपट

किसान नेता बलवान सिंह ने कहा कि किसान अपनी फसलों में जिसमे धान की फसल की पंजीर लगा चुका था और 15 हजार रुपए प्रति एकड़ तक खर्च कर चुका था। अन्य फसलें जिसमें बाजरे, कपास, ज्वार, गन्ना आदि की फसल खेत में लहलहा रही थी, लेकिन जलभराव से खेतों में 5 फीट तक पानी जमा हो गया सारी फसलें चौपट हो गई। ऐसी स्थिति में फसल बर्बाद होने से किसानों पर भारी आर्थिक मार पड़ी है। और किसान कर्ज के जंजाल में फंसने को मजबूर है। दर्जनों गावों के हालत तो ऐसे है कि अगली गेहूं की फसल की बिजाई होना भी संभव नजर नहीं आता।

#### मोटर, पंप सेट उपलब्ध करवाएं

बलवान सिंह ने कहा कि किसानों ने पानी की निकासी के लिए पर्याप्त प्रबंध करने जिसमें मोटर, पंप सेट के प्रबंध करने की मांग की है। किसानों के खेतों में पानी खड़े एक माह से ज्यादा समय हो गया। लेकिन आज तक प्रशासन,सरकार द्वारा पोर्टल नहीं खोला गया। अगर पोर्टल नहीं खुलता है तो किसान मुआवजा पाने से वंचित हो जाएंगे । सभा ने प्रशासन से स्वतन्त्रता दिवस पर ध्वजारोहण के लिए रोहतक आ रहे मुख्यमंत्री के समक्ष किसानों के मुद्दों को रखने के लिए किसानों के प्रतिनिधिमंडल को किसने से मिलवाने की मांग की है।

#### ये हैं प्रमुख मांग

- क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल कर प्रत्येक किसान के नुकसान को दर्ज किया जाए
- नुकसान के लिए 40 हजार प्रति एकड़ मुआवजा मिले
- जिन किसानों की फसलों का बीमा है उनको पूरा बीमा क्लेम दिलवाया जाए
- पानी की निकासी के प्रबंध तेज करने के लिए कदम उठाएं जाएं अतिरिक्त मोटर,पंप सेट,बिजली ट्रांसफार्मर,पाइप आदि के इंतजाम हों
- जिन जिलों में जलभराव की स्थाई समस्या है वहां के लिए अतिरिक्त बजट जारी कर जलभराव की निकासी के स्थाई प्रबंध करें
- जिले को बाढ़ प्रभावित घोषित किया जाए

## वैश्य एजुकेशन सोसायटी के नवनियुक्त प्रधान पूरे पैनल सहित ग्रोवर से मिले


**रोहतक।** पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर का स्वागत करते वैश्य एजुकेशन सोसायटी की नव-निर्वाचित गवर्निंगबाडी के प्रधान विकास गोयल व अन्य पदाधिकारी।

- पूरे पैनल ने पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के घर पहुंचकर उनका मुंह मीठा करवाया और आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वैश्य एजुकेशन सोसायटी की नव-निर्वाचित गवर्निंगबाडी के प्रधान विकास गोयल, उप-प्रधान अनिल कुमार बिन्दल, महासचिव राधेश्याम गर्ग, तथा कोषाध्यक्ष पवन कुमार मित्तल खरकियां, पूर्व प्रधान नवीन कुमार जैन, राजेश नवल, आयुष जैन, दीपक गोयल, प्रणीण जिन्दल की अगुवाई में पूरे पैनल ने पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर के घर चाय पर पहुंचकर उनका मुंह मीठा करवाया व पुष्प गुच्छ भेंटकर निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव करवाने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मनीष कुमार ग्रोवर ने सभी को शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी सहयोग का आश्वासन दिया। इसके उपरान्त सभी पदाधिकारी सोसायटी कार्यालय में कार्यभार लेने पहुंचे। निर्वाचन के उपरान्त पहली बार सोसायटी कार्यालय में पहुंचने पर संस्था के सभी प्राचार्यो एवं कार्यालय अधीक्षक हरिनाराण दूबे ने बुका भेंट कर व संस्थान के नन्हें मुन्हे विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर स्वागत किया।

#### तैयारी
#### संस्था के ताजा हालातों पर चर्चा

इस अवसर पर प्रधान विकास गोयल ने सोसायटी पदाधिकारियों एवं संस्था प्राचार्यो के साथ बैठक की व संस्था के ताजा हालातों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संस्था में नये कोर्सो को लाने व विकास कार्यो पर विशेष जोर दिया जाएगा। सभी प्राचार्य संस्था की भलाई के लिए कार्य करें किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नही की जाएगी।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल में चतुर्वेद पारायण महायज्ञ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड में श्रावणी पर्व के अवसर पर स्वामी दयानन्द सरस्वती की दूसरी जन्मशती तथा आर्य समाज के 150वें स्थापना दिवस के शुभअवसर पर चतुर्वेद पारायण महायज्ञ का आयोजन 11 अगस्त से 15 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम के पहले दिन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा आचार्य जितेन्द्र शास्त्री के मार्गदर्शन में महात्मा आनन्द स्वामी हॉल में किया गया। इसमें यजुर्वेद के मन्त्रोच्चारण के साथ आहुतियां दी गई। छात्रों ने ईश्वर भक्ति पर सुन्दर भजन की प्रस्तुति दी।

मुख्य वक्ता विद्यालय के हिन्दी अध्यापक दिनेश शर्मा रहे। उन्होंने उपस्थिति सभी को आर्य विनय के अनुसार शिष्टाचार की शिक्षा दी। प्रधानाचार्य शंकर लाल इस कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम का समापन शान्ति पाठ से हुआ।



## ब्लॉक रोहतक की खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर-17 क्रिकेट के सेमीफाइनलिस्ट तय

- पहले मैच में पठानिया स्कूल को गवर्नमेंट स्कूल जसिया के खिलाफ वॉकओवर मिला
- दूसरे मैच में वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने आईबी स्कूल को 37 रनों से हराया
- तीसरे मैच में विद्याश्री स्कूल ने स्कॉलर रोसरी को 7 रनों से मात दी


**रोहतक।** खिलाड़ियों के साथ सत्येंद्र मान कन्वीनर व अन्य कोच।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत के दिशा-निर्देश तथा खंड शिक्षा अधिकारी जय भगवान के कुशल नेतृत्व में ब्लॉक रोहतक खेलकूद प्रतियोगिता अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। आज एमएस सरस्वती स्कूल क्रिकेट ग्राउंड पर अंडर-17 क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले खेले गए। प्रतियोगिता में इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ टीमों ने भाग लिया और पहली बार खिलाड़ियों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए लंबा समय प्रदान किया गया। करीब सात दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को परखने के लिए सत्येंद्र मान कन्वीनर की भूमिका निभा रहे हैं।

वहीं जगदीश (प्रिंसिपल), संजय मलिक (एईओ) और राकेश सिवाच (एइइओ) का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। मैच के दौरान ओमपाल, मुकेश, राजेश, जितेंद्र, मनोज (सभी डीपी), राजेश, सत्यवान, कुलदीप, राजू (सभी पीटीआई) व अन्य शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं सोमवार को मैच परिणामों में पहले मैच में पठानिया स्कूल को गवर्नमेंट स्कूल जसिया के खिलाफ वॉकओवर मिला। दूसरे मैच में वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने आईबी स्कूल को 37 रनों से हराया। तीसरे मैच में विद्याश्री स्कूल ने स्कॉलर रोसरी को 7 रनों से मात दी। चौथे मैच में पठानिया स्कूल ने नवयुग स्कूल को हराया।

#### सेमीफाइनल वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में होगा

वहीं अंडर-17 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों में वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विद्याश्री स्कूल, पठानिया पब्लिक स्कूल, चौथी टीम का फैसला डीएवी स्कूल और द लिटिल श्री के बीच खेले जाने वाले अंतिम लीग मैच से होगा। सेमीफाइनल मुकाबले कल वैश्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेले जाएंगे।

## कॉलेज की प्रधानी को लेकर दो गुटों में तनाव, पुलिस पहुंची

**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम में प्रधानी को लेकर दो गुटों में तनाव चल रहा है। इसी तनाव के बीच सोमवार सुबह चौबीसी चबूतरे पर काफी युवाओं का जमावड़ा लग गया। उसके बाद काफी संख्या में दोनों गुटों के युवक कॉलेज परिसर में पहुंच गए। दोनों पक्षों के युवक अपने अपने गुट से प्रधान घोषित करना चाहते थे। कॉलेज में फिलहाल छात्र संघ चुनाव नहीं होते। ऐसे में युवकों ने स्वयंभू प्रधान की नियुक्ति की योजना बनाई। दोनों ही गुट एक दूसर से पहले प्रधान की घोषण करना चाहते थे। इन युवकों के पास लकड़ी के बिंडे भी थे। मामला तनावपूर्ण होने से पहले ही पुलिस को भनक लग गई। काफी संख्या में पुलिस बल वहां पर पहुंच गया। पुलिस ने युवकों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा और 16 युवकों को पुलिस ने मौके से हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी सुभाष ने बताया कि डिटेन किए गए युवकों के माता पिता को थाने में बुलाया गया। उसके बाद उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। बताते हैं कि एकत्रित हुए लड़कों में ज्यादातर बाहरी युवक थे। पहले भी इन दो गुटों के बीच नेता चुनने को लेकर झगड़ा हो चुका है।


**महम।** गोहाना मोड़ पर एकजुट युवकों को समझाते पुलिस अधिकारी।

### चीनी मिल में क्वार्टर से नकदी व आभूषण चोरी

महम। सहकारी चीनी मिल महम में डिस्पेंसर के क्वार्टर में चोरी हो गई। चोर वहां से हजारों रुपए व सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। पुलिस को शिकायत में डॉक्टर गोविंद मोर ने बताया कि वह बुधवार को पत्नी के साथ दिल्ली गए थे। रविवार शाम को चार बजे जब वे राखी का त्योहार मनाकर वापस लौटे तो घर में सामान बिखरा हुआ मिला। चैक किया तो घर में रखे 80 हजार और पांच तोले सोने के जेवर चोरी हुए मिले। चोरी हुए सामान में दो सोने की अंगूठी, सोने की बालियां, टोपस और एक सोने की चेन शामिल हैं। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## हर साल की तरह इस बार भी केवीएम ट्रस्ट में15 को हवन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

केवीएम ट्रस्ट रोहतक की एक बैठक ट्रस्ट प्रधान सुरेश राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में ट्रस्ट के संरक्षक स्वर्गीय रघुबीर सिंह सैनी व स्वर्गीय धर्मवीर मायना के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में जानकारी दी गई कि स्वर्गीय कृष्णवीर मायना के जन्मदिवस (15 अगस्त 2025) पर सुबह हवन का आयोजन किया जाएगा तथा दिव्यांग बच्चों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। यह परंपरा हर वर्ष निभाई जाती है। कृष्णवीर मायना का जीवन समाज उत्थान को समर्पित रहा। उन्होंने युवाओं के लिए अनेक खेल आयोजन करवाए और वे सदैव युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहे। इस अवसर पर ट्रस्ट के संरक्षक कर्मवीर मायना, प्रधान सुरेश राणा, भूपेंद्र नेहरा, शमशेर मलिक, भाग सिंह पहलवान, राजेश अहलावत, वीरेंद्र बल्हारा, प्रीतम सिंह देशवाल आदि मौजूद रहे।

## युवक पर हमले का आरोपी काबू

**रोहतक।** जिला पुलिस की टीम ने डीघल निवासी युवक पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में शामिल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना सिविल लाइन प्रभारी एसआई अंकिता ने बताया कि डीघल जिला झज्जर गौरव निवासी की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गौरव के भाई सौरव को 30 जून 2025 को युवकों ने चाकू, डंडों से जानलेवा हमला किया।

हमले के दौरान लगी चोटों से घायल हुए सौरव को इलाज के लिए अस्पताल मे दाखिल कराया गया। युवकों ने इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर सौरव से बात की। सौरव को मिलने के लिये हुडा सिटी पार्क, रोहतक बुलाया। जंहा पर युवकों ने सौरव पर जानलेवा हमला किया। जांच एएसआई कुलदीप द्वारा की गई। दौराने जांच आरोपी सोहन उर्फ काकू निवासी टिटौली को गिरफ्तार किया गया है। वारदात में शामिल रहे चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### आईटीआई ने रोजगार कार्यालय के साथ मिलकर किया आयोजन

# रोजगार मेले में 498 युवाओं का चयन

- दिनभर चली प्रक्रिया में 915 युवाओं ने भाग लिया
- देशभर से प्रसिद्ध कंपनियों ने की भागेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार राजकीय आईटीआई ने मण्डल रोजगार कार्यालय के सहयोग से सोमवार को दैनिक परिवार भवन परिसर में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता एवं रोजगार मेला आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मण्डलायुक्त, सुमित कुमार ने युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास के अवसरों के प्रति जागरूक करते हुए मेले का उद्घाटन किया।

मेले में डीआईटीओपी जीएमएफटी रहे रितेश जैन के मार्गदर्शन में लगभग 35 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इनमें एडवांटेज प्राइवेट लिमिटेड, केंटरफोर्स 360 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एवर फास्टनर्स, अमूल इंडिया लिमिटेड (बहरादुरगढ़), साहिल इलेक्ट्रॉनिक्स वर्क्स, न्यू हुडायमा ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड, टैलेंट इंडिया एचआर सॉल्यूशंस सहित अन्य कंपनियां शामिल रहीं। कंपनियों द्वारा बेरोजगार युवाओं को चयनित करने की प्रक्रिया दिनभर चली, जिसमें लगभग 915 युवाओं ने भाग लिया। इनमें से 498 अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।


**रोहतक।** छात्रों का साक्षात्कार करते कंपनी के अधिकारी।

#### उद्योग जगत से परिचित करवाते हैं ऐसे मेले : राजपाल

आईटीआई प्रधानाचार्य राजपाल सिंह ने कहा कि ऐसे मेले युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें उद्योग जगत की जरूरतों से भी परिचित कराते हैं। मंडल रोजगार अधिकारी सोनम गोयल ने प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना की जानकारी देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य देश के हर युवा को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

#### पोर्टल पर पंजीकरण का महत्व रेखांकित किया

अधिकारी सोनम गोयल ने पोर्टल पर पंजीकरण के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी इस पोर्टल पर पंजीकरण करवाते हैं, उन्हें भविष्य में आयोजित होने वाले विभिन्न रोजगार मेलों और योजनाओं की जानकारी स्वत उपलब्ध करवाई जाती है। मेले में उपस्थित युवाओं ने कंपनियों के प्रतिनिधियों से रोजगार के

#### अवसरों को पकड़ना सबसे बड़ी जरूरत

मंडलायुक्त सुमित कुमार ने चयनित युवाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कौशल विकास के साथ रोजगार के अवसरों को पकड़ना ही आज की सबसे बड़ी जरूरत है। छात्रों को ऐसे मौके कभी नहीं छोड़ने चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे उपलब्ध योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने भविष्य को सशक्त बनाएं।

## डीएवी विद्यालय में मनाया श्रावण महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएवी डीएलएफ कमला नगर के प्रांगण में श्रावन माह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस माह का प्रारम्भ अग्निहोत्र यज्ञ द्वारा किया गया तथा उसके पश्चात कई मनोरंजक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम जैसे चित्र कला, आर्य समाज से सम्बन्ध प्रश्नावली, श्लोक उच्चारण , मेंहदी जैसी प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। यज्ञ आचार्य परविन्द्र की उपस्थित में किया गया। आचार्य ने बच्चों को वेदों के महत्व - और उनके संदेश को समझने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों को सच बोलने और ईमानदारी से काम करने की सीख दी व शिक्षित होने और ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने दूसरों की मदद करने और निस्वार्थ भाव से काम करने के लिए प्रेरित किया। यह कार्यक्रम न केवल मनोरंजन प्रदान करता है बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से भी जोड़ता है। विद्यालय की प्राचार्या ने छात्रों को प्रकृति के महत्व और श्रावण माह के आध्यात्मिक पहलुओं के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। डीएवी में श्रावण माह का यह आयोजन छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा।